गुलाबी मीनाकारी

चर्चा में क्यों?

हाल ही में **प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा अपनी संयुक्त राज्य अमेरिका की यात्रा के दौरान अमेरिकी उप-राष्ट्रपति कमला हैरिस एवं ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री स्कॉट मॉरिसन** को **बनारसी गुलाबी मीनाकारी उपहार भेंट किये गए**।

प्रमुख बिंदु

- मीनाकारी, जिसे **एनामेलिंग भी कहा जाता** है, धातु की सतह पर खनिज पदार्थों को मिलाकर सजाने की कला है। **मीनाकारी को भारत में मुगलों द्वारा लाया गया था।**
- इस प्रक्रिया का प्राय: **कुंदन पर प्रयोग किया जाता है।** इसके तहत किसी वस्तु **(Article)** के एक तरफ पत्थर और माउंट के बीच सोने की परत के साथ बहुमूल्य रत्नों की जड़ावट होती है, जबकि दूसरी तरफ मीना तकनीक से चमकदार परत चढ़ाई जाती है।
- **वाराणसी की मीनाकारी उ**सकी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का हिस्सा है। इसे वर्ष 2015 में **भौगोलिक संकेत (G.I. Tag)** प्रदान किया गया था।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/pink-meenakari